आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रादेशिक समाचार

दिनांक: 01.07.2025 समय : 02.10PM

प्रधानमंत्री-डिजिटल इंडिया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत में 5-जी सेवा की शुरुआत दुनिया में सबसे तेज गति से हुई है। यहां केवल दो वर्षों में चार करोड 81 लाख बेस स्टेशन स्थापित किए गए हैं। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के दस वर्ष पूरे होने पर एक ब्लॉग में श्री मोदी ने कहा कि हाई-स्पीड इंटरनेट अब शहरी केंद्रों के साथ-साथ गलवान, सियाचिन और लद्दाख सहित अग्रिम सैन्य चौकियों तक भी पहुंच गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस -यूपीआई के माध्यम से प्रत्येक वर्ष सौ बिलियन से अधिक लेन-देन हो रहे हैं और वैश्विक स्तर पर लगभग आधे वास्तविक समय के डिजिटल लेन-देन अब भारत में होते हैं। उन्होंने कहा कि 2014 में भारत में लगभग 25 करोड़ इंटरनेट कनेक्शन थे, जो अब बढ़कर 97 करोड़ से अधिक हो गए हैं। श्री मोदी ने कहा कि भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था सूक्ष्य, लघु और मध्यम उद्योगों तथा छोटे उद्यमियों को पहले से कहीं अधिक सशक्त बना रही है।

कैबिनेट फैसले

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की अध्यक्षता में आज राज्य मंत्री परिषद की बैठक आयोजित की गई, जिसमें कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगी। बैठक के निर्णयों की मीडिया को जानकारी देते हुए उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने बताया कि

न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मूंग और उड़द के उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 6 जुलाई तक जारी है, उन्होंने कहा कि उपार्जन 7 जुलाई से किया जाएगा। बैठक में गौपालन एवं डेयरी विकास को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना का अनुमोदन किया गया।

लैपटॉप योजना

चार जुलाई को प्रदेश के मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप और स्कूटी की राशि वितरित की जाएगी। कल खंडवा में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि शासकीय स्कूलों में शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों को किताब-कॉपी के साथ साइकिलें भी बांटी जा रही हैं।

पोषण ट्रेकर

महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा है कि प्रदेश में पोषण ट्रेकर एप के माध्यम से आंगनवाड़ी केन्द्रों पर पंजीकृत बच्चों के शारीरिक माप से संबंधित आंकड़ों का सतत विश्लेषण किया जा रहा है। कल भोपाल में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि इन आकड़ों के आधार पर राज्य में पोषण स्तर में सुधार के लिए त्वरित एवं क्षेत्र विशेष की आवश्यकता अनुसार कार्य योजना बनाई जा रही है। सुश्री भूरिया ने कहा कि पोषण ट्रेकर ऐप न केवल बच्चों के शारीरिक माप बल्कि बच्चों के कुपोषण की स्थिति जैसे बोनापन, कम वजन आदि की पहचान में भी सहायक है।

जीएसटी - आठ साल

देश में वस्तु और सेवा कर - जीएसटी लागू होने के आज आठ वर्ष पूरे हो गए हैं। इस कर प्रणाली को देश में आर्थिक एकीकरण और कर सुधारों की दिशा में एक बड़े बदलाव के रूप में साल 2017 में पेश किया गया था। इसने भारत में अप्रत्यक्ष करों की श्रृंखला को एकीकृत प्रणाली में बदल दिया है।

इधर, प्रदेश में भी 8वां जीएसटी दिवस मनाया जा रहा है। भोपाल के रविंद्र भवन में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य आयुक्त, सीमा शुल्क, सीजीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क मध्यप्रदेश मानस रंजन मोहंती ने की। इस समारोह में निर्यातकों और एमएसएमई सहित करदाताओं को विभिन्न मापदंडों पर सरकारी खजाने में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी

प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों के संचालन को बढ़ावा देने के लिये मध्यप्रदेश इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी 2025 तैयार की गई है। जिसमें इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहित करने के लिये राज्य सरकार द्वारा परिवहन कर में छूट और अनुदान दिये जाने की भी व्यवस्था की गई है। आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया गया है कि ई-बस सेवा योजना के अंतर्गत प्रदेश के 6 शहरों में 582 इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लिये प्रस्ताव तैयार कर भेजा गया था, जिसे केन्द्रीय शहरी मंत्रालय से स्वीकृति मिल गयी है। इंदौर में 150, भोपाल में 100, ग्वालियर में 100, जबलपुर में 100, सागर में 32 एवं उज्जैन में 100 इलेक्ट्रिक बसों को चलाने का प्रस्ताव है। पीएम ई-बस सेवा के अंतर्गत बस डिपो अधोसंरचना निर्माण के लिये भी प्रस्ताव तैयार किया

गया है, इसमें 60 प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार द्वारा और शेष 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार द्वारा प्रदाय की जायेगी।

समाचार संक्षेप में .....

- पत्र सूचना कार्यालय भोपाल में आज केंद्रीय संचार ब्यूरो के मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में कार्यरत्त अधिकारियों की एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें महानिदेशक कार्यालय से महानिदेशक स्मिता वत्स शर्मा पश्चिम क्षेत्र, ने भाग लिया। कार्यशाला में सीबीसी, पीआईबी एवं दूरदर्शन समाचार के अधिकारियों से कार्य करने के दौरान होने वाली समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।
- आगरमालवा में जल गंगा संवर्धन अभियान समापन मौके पर कल जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्यों की प्रदर्शनी लगाई गई।
- नीमच में आज से लोक निर्माण विभाग द्वारा पौधारोपण अभियान शुरू हुआ।
- नर्मदापुरम जिले के सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र मढ़ई और चूरना में आज से जंगल सफारी बंद हो गई है।
- मौसम विभाग ने आज जबलपुर में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।